# जी डी सी संजौली , शिमला -6
# 7 एच पी ( ई ) कम्पनी एन सी सी
# ऑनलाइन फिट इंडिया जागरुकता अभियान ( अगस्त 15 - सितम्बर 14 , 2020 )

रक्षा मंत्रालय के निदेशानुसार , एन सी सी ग्रुप हेडक्वार्टर शिमला , 15 अगस्त से 14 सितम्बर 2020 तक ऑनलाइन फिट इंडिया जागरुकता अभियान चलाया गया । फिट इंडिया मूवमेंट भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसके अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक शारीरिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है ताकि वे अपने स्वास्थय को बेहतर बना सके और एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सके। इसी पहल को पूरा करने के उदेश्य से संजौली महाविद्यालय , 7 एच पी ( ई ) कम्पनी एन सी सी, शिमला के कैडेट्स कमाडिंग ऑफिसर कर्नल सुनीत शांगटा के दिशानिर्देशनुसार इस अभियान के माधयम से अपना बहुमूल्य योगदान दिया । एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर और कैडेट्स प्रियजनों के साथ अपने घरों में प्रतिदिन कम से कम 30 से 40 मिनट तक शारीरिक व्यायाम करते हैं। कोविड - 19 से सम्बन्धित सरकार की ओर से जारी किये गए निर्देशों का पालन करते हुए कैडेट्स ने प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों ( ब्लॉग , विलॉग , वीडिओज़, पोस्टर्ज़ / स्लोगन, योग , व्यायाम, परम्परागत खेल , डांस , साईकिल चलाना , तैराकी तथा घरों के कामों में हाथ बटाकर इत्यादि ) के द्वारा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया ।

प्रिंसिपल संजौली डॉ चन्द्र भान मेहता ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी के इस दौर में शारीरिक तंदरुस्ती एवं समाज के उत्थान के लिए कैडेट्स एक श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। हम अगर शारीरिक और मानसिक रूप से तंदरुस्त होंगे , तो निश्चित ही समाज में पनप रही भयंकर बिमारियों से सुरक्षित रहेंगे और इसीलिए हम सभी को इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। कर्नल शांगटा ने भी कैडेट्स के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने फिट इंडिया मूवमेंट के लिए जो संकलप व्यक्त किया है उसे पूरा करना देश के हर नागरिक का दायित्व है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को कोई न कोई खेलकूद या शारीरिक अभ्यास अपनाकर अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए।

1. Poster & Slogan Making, and Pictures of Fit India
2. Video Fit India